हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 3 मई 2024


तापमान

अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री


10 वेदांता स्कूल के आशीष का डीआरडीओ में सिलेक्शन





10 मतदान करने के लिए किया जागरूक




## खबर संक्षेप

### कच्ची शराब की 36 बोतल समेत व्यक्ति गिरफ्तार

**अलेवा।** सीआइए पुलिस जींद द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बधाना-कुचराना लिंक मार्ग के कच्चे रास्ते पर खेतों में छापेमारी कर बधाना निवासी एक युवक को 36 बोतल अवैध कच्ची शराब की बोतल समेत काबू किया है। अज्ञात ने सूचना दी कि बधाना निवासी संदीप गांव से कुचराना जाने वाले कच्चे रास्ते पर कोठे में अवैध शराब बेचने का कार्य कर रहा है।

### हेरोइन सप्लाई मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** नशा सप्लाई करने वालों पर शिकंजा कसते चौकी रामथली पुलिस के एएसआई सुभाष चंद्र की टीम ने हेरोइन सप्लायर आरोपी उगो बादशाहपुर जिला पटियाला पंजाब निवासी मनवीर सिंह को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 दिसंबर को एएसआई संदीप की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी खरकां निवासी छिंदा को मैन चौक खरकां के पास से काबू किया गया था।

### तीन को घायल करने पर पांच के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** सुंदर नगर में ट्रैक्टर के पहिये से रैंप टूटने से खफा पड़ोसी ने परिजनों के साथ मिल कर हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो लोगों का नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुंदरनगर निवासी रीटा ने पुलिस शिकायत दर्ज करवाई है।

### मारपीट के आरोप में चार पर केस दर्ज

**कैथल।** दंपत्ति से मारपीट और मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिले के गांव निवासी 32 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि 25 को आरोपी विक्रम, राजपाल, बलवीर व गनु ने उसे व पति को रॉड से पीटा। आरोपियों ने उसके साथ छेडखानी की व जान से मारने की धमकी भी दी।

### नाबलिगा के लापता होने पर अपहरण का केस दर्ज

**जींद।** अजमेर बस्ती से नाबालिग लड़की के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजमेर बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 अप्रैल को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### ताला तोड़ नकदी- जेवर चोरी का आरोपित पकड़ा

**कैथल।** चौकी पुंडरी पुलिस के एएसआई सुखबीर सिंह द्वारा आरोपी पुंडरी निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुंडरी निवासी निशु की शिकायत अनुसार 30 दिसंबर को वह अपने माइके गई हुई थी। अगले दिन सुबह वह जब वापिस आई तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। चैक करने पर नकदी, सोना चांदी ज्वेलरी इत्यादि सामान चोरी हुआ मिला।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी,अन्य सामान चोरी

**जींद।** बीती रात चोरों ने दो स्थानों पर ताले तोड़ कर दो मोबाइल फोन व अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर निवासी गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने श्यामनगर में गोदाम बनाया हुआ है।

### युवती से दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज

**कैथल।** युवती से दुष्कर्म करने और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर की एक कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय युवती ने महिला थाना में शिकायत दी कि 20 अक्तूबर 2023 को हरीश नाम का युवक उनके घर में मजदूरी करने के लिए आया हुआ था।

## सीएम फ्लाइंग के बीडीपीओ कार्यालय जुलाना के निरीक्षण में खुलासा

# जन शिकायतें पोर्टल पर तोड़ रही दम, निपटान में गंभीर नहीं विभाग

### जंनसवाद की 94 शिकायतों में से महज छह का निपटारा पाया

65 शिकायतों की निर्धारित समयअवधि हो चुकी थी पूरी सीएम विंडो की 37 शिकायतों में से महज सात का मिला निपटान, 15 मिली ओवरडयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने वीरवार को खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनसंवाद की 94 शिकायतों में से महज छह का निपटान होना पाया गया। 65 शिकायतें ऐसी थी जिनके निपटान की अवधि काफी समय पहले पूरी हो चुकी थी। सीएम विंडो 37 शिकायतों में से 15 शिकायतों के निपटान की समयअवधि पूरी हो चुकी थी। जबकि निपटान महज सात का पाया गया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शमशेर सिंह भी टीम के साथ रहे। सीएम फ्लाइंग ने औचक निरीक्षण की विस्तृत रिपार्ट् बना मुख्यालय को भेज दी है। आगामी कार्रवाई पंचायत विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।

सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिली थी कि जुलाना खंड विकास एवं पंचायत विभाग में लोगों को योजनाओं का लाभ नही मिल रह है। जनसमस्याओं का समाधान नही हो पा रहा है। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने वीरवार को जुलाना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में दस्तक दी। टीम में सब इंसपैक्टर बिजेंद्र सिंह, कर्मबीर सिंह, रणधीर सिंह तथा जुलाना खंड विकास एवं पचायत अधिकारी शमशेर सिंह शामिल हुए। टीम ने कर्मचारियों की जानकारी के बाद जन रिकार्ड का खंगाला तो काफी खामियां पाई गई। सीएम विंडो पोर्टल पर 37 शिकायतें दर्ज मिली। जांचने पर सामने आया कि महज सात शिकायतों का निपटान हुआ है। 15 शिकायतें अपनी निर्धारित समयअवधि को पूरा कर चुकी थी। जबकि 28 शिकायतें प्रोसेसिंग में मिली। जनसंवाद की 94 शिकायतें मिलनी पाई गई। जिसमें से महज छह का निपटान होनो पाया गया। जबकि 65 शिकायतें अपनी निर्धारित समयअवधि को पूरा कर चुकी थी। तीन की कैलेरिफिकेशप मांगी गई थी। 88 शिकायतें प्रोसेसिंग में पाई गई। स्वच्छ भारत के तहत ठोस कचारा प्रबंधन पर 31 गांव प्रस्तावित पाया गया। जिसमें 22 गांव में कार्य पूरा होना पाया गया। जबकि नौ गांव में अचार संहिता के चलते कार्य शुरू नही हो पाया। 65 शिकायतें ऐसी थी जिनके निपटान की अवधि काफी समय पहले पूरी हो चुकी थी। सीएम विंडो 37 शिकायतों में से 15 शिकायतों के निपटान की समयअवधि पूरी हो चुकी थी। जबकि निपटान महज सात का पाया गया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शमशेर सिंह भी टीम के साथ रहे। सीएम फ्लाइंग ने औचक निरीक्षण की विस्तृत रिपार्ट् बना मुख्यालय को भेज दी है। आगामी कार्रवाई पंचायत विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है।



जींद। रिकार्ड की जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो :हरिभूमि

### रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय भेजी

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि बीडीपीओ जुलाना कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया था। सीएम विंडो तथा जनसंवाद शिकायतों का निपटान काफी कम पाया। काफी शिकायतें ऐसी थी, जिनका निपटान हो जाना चाहिए था लेकिन निर्धारित समय पूरा होने के बाद भी निपटान नही हुआ। निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी गई है।


## दिल्ली के स्कूलों में बम की अफवाह को लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय अलर्ट

- सभी राजकीय और गैर सरकारी स्कूलों को पत्र भेज दिए निर्देश
- स्कूलों के पास संदिग्ध वस्तु होने की तुरंत सूचना डायल 112 पर दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली में फर्जी ई-मेल भेज स्कूल में बम होने की बात कह दहशत फैलने के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशालय हरियाणा भी अलर्ट हो गया है। निदेशालय ने सभी राजकीय और गैर सरकारी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि स्कूल के आसपास अगर कोई भी संदेहजनक वस्तु या गतिविधि होने का आभास हो तो तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर कॉल कर संबंधित पुलिस अधिकारी को अवगत करवाएं। इसके अतिरिक्त वे अपने स्कूल संचालकों को भी हिदायत दें कि बसों द्वारा स्कूल आने-जाने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कूल परिसर के अंदर चढ़ाएं व उतारें। जिले में 724 राजकीय व 387 प्राइवेट स्कूल हैं, जिनमें दो लाख से अधिक विद्यार्थी पढ़ते हैं। जिले के 724 राजकीय स्कूलों में 110 सीनियर सेकेंडरी, 87 मिडल व हाई स्कूल और 424 प्राइमरी स्कूल शामिल हैं।

गौरतलब है कि बुधवार को दिल्ली एनसीआर के 200 स्कूलों को बम के फर्जी ई-मेल से हड़कंप मच गया था। इस दौरान सभी स्कूल खाली करवाए गए थे और पुलिसकर्मी, फायर ब्रिगेड व सुरक्षा एजेंसियों, बम स्कवायड ने सर्च अभियान चलाया लेकिन वहां कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। वहीं जांच में सामने आया था कि यह सभी कॉल रूस से भेजे गए थे। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशालय हरियाणा ने सभी राजकीय व गैर सरकारी स्कूलों को सुरक्षा की दृष्टि से निर्देश दिए हैं कि वह अपने स्कूल के आसपास संदेहजनक गतिविधि पर नजर रखें।




जींद। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी किया गया पत्र।

### 112 पर सूचना दें

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि हरियाणा शिक्षा निदेशालय ने सुरक्षा की दृष्टि से पत्र जारी किया हैं कि सभी स्कूल अपने परिसर के आसपास संदेहजनक गतिविधियों पर ध्यान रखें और इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर दें। दिल्ली में अराजक तत्वों द्वारा स्कूलों में दशहत फैलाने के लिए कुछ फर्जी मेल किए गए थे।

## बास्केटबॉल में इंडस स्कूल प्रथम



कैथल। अव्वल रहे इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**कैथल।** इंडस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ऑल इंडिया ओपन मल्टी स्पोर्ट्स रोलर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता 27 से 29 अप्रैल तक गोवा के पंजिम में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में देशभर से 12 टीमों ने भाग लिया जिनमें से हमारे विद्यालय की अंडर-14 टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ जिले का नाम देशभर में रोशन किया है। डायरेक्टर अभिषेक सहारण व प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते विजेताओं को जीत की बधाई दी। सहारण ने उपलब्धि के लिए प्रशिक्षक को उनके प्रयासों के लिए खूब सराहा तथा शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी विद्यालय को अग्रणी रखने के अपने संकल्प को दोहराया। तनु पूनिया ने खेलों को शिक्षा प्रणाली का ही अभिन्न अंग मानते उनके महत्त्व पर बल दिया। कहा कि वर्तमान में खेलों का महत्त्व और भी बढ़ गया है तथा आज शिक्षा व व्यापार के साथ-साथ खेलों में भी उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं हैं।

## अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्टचुअल टीचर्स संघ, हरियाणा (हुकटा) सांसदों, विधायकों व अन्य मंत्रिमंडल के सदस्यों को नियमितीकरण की पालिसी बनाकर रोजगार सुरक्षित करने के लिए पत्राचार और सबसे मिलकर रोजगार सुरक्षित करने की मांग लंबे समय से कर संघर्ष कर रहा है। अब सभी यूनिवर्सिटीज में असिस्टेंट प्रोफेसर की स्थायी भर्ती की प्रक्रिया जोरों शोरों पर होने से सभी पहले से कार्यरत अनुबंध शिक्षकों पर छंटनी की तलवार लटक रही है। सरकार ने हाल ही में 5 से 7 साल के अनुबंध कर्मचारियों की सूचना नियमित करने के लिए मांगी है ताकि उनके लिए नियमतिकरण की पालिसी बनाई जा सकें। लेकिन हमें ये भय सता रहा हैं कि पॉलिसी बनने तक हमारा रोजगार भी रहेगा या नहीं। इसी भय से व्याकुल हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने हर जिलों में लोकसभा प्रत्याशियों को रोजगार की गारंटी के लिए ज्ञापन देने शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में आज महर्षि वाल्मीकि संस्कृत यूनिवर्सिटी इकाई के अध्यक्ष मनोज , महासचिव देवेंद्र सिंह व अन्य साथियों ने कैथल के विधायक लीला राम से मिलकर विस्तार से चर्चा की। कहा कि हमारी सरकार किसी का रोजगार नहीं जाने देगी और जल्द ही आप सबके लिए नियमितीकरण की पालिसी बनाकर रोजगार सुरक्षित करेगी। अध्यक्ष विजय मलिक, महासचिव अजय इंदौरा व प्रेस सचिव अभिनव कटारिया ने यह भी अपील की कि हरियाणा की विभिन्न विवि में 2 से 15 वर्षों से पहले से कार्यरत 1443 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियमित कर शेष रिक्त पदों पर भर्ती की जाए ताकि सबको रोजगार मिल सकें। साथ में कहा कि हम सब नियमित भर्ती करने के पक्षधर है।



कैथल। विधायक लीला राम को ज्ञापन सौंपते हुकटा के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। एसपी को शिकायत देने आए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिले ग्रामीण

**जींद।** गांव मोरखी के ग्रामीणों ने एसपी को शिकायत देकर जानलेवा हमला करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एडवोकेट देशराज सरोहा ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि गांव मोरखी निवासी मनीष, संदीप, अजीत, अंकित, सुरेंद्र, राहुल ने तेजधार हथियार से गांव के ही संदीप पर घर में घुस कर हमला किया और उसे जान से मारने की धमकी व जातिसूचिक गलियां देकर अपमानित किया। इस बारे में पुलिस को शिकायत दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। इसलिए पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर भुक्कल, सुमित, विक्की, सुरजभान, सोनू, मुकेश, धर्मपाल, विनोद, बलराज, मूर्ति देवी, नरेंद्र, राजेंद्र, मनीष आदि काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जर्मनी भेजने का झांसा दे 18 लाख हड़पे

- जर्मनी की बजाय अन्य देशों में कटवाए चक्कर, वीजा भी फर्जी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जर्मनी भेजने का झांसा देकर 18 लाख रुपये हड़पने तथा फर्जी वीजा देने पर जुलाना थाना पुलिस ने तीन युवकों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पडाना निवासी मनजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाने का इच्छुक था। जानकार के माध्यम से उसका संपर्क हिसार अबरोड कनेक्शन इमीग्रेशन से हुआ। हिसार कार्यालय पर दडबा कला निवासी हैप्पी, आदमपुर मंडी निवासी पुष्प, केमरी निवासी राजेश तथा दो अन्य युवक और मिले। जिन्होंने जर्मनी भेजने के नाम पर 18 ला रुपये की डिमांड की। उन्होंने ग्रीस के रास्ते जर्मनी भेजने की बात कही। 20 जून 2023 को शपथ पत्र के साथ 15 लाख रुपये की राशि दे दी गई। आरोपितों ने ग्रीस का नकली वीजा भी दिखाया। फिर उससे दस्तावेजों के नाम पर ओर राशि ली गई। 14 जुलाई 2023 को जुलाई को उसे जर्मनी भेजा जाना था। वीजा नकली होने के कारण वह जर्मनी नही जा सका। फिर 18 मई उसे वाया दुबई से जर्मनी भेजने की बात कह कर दुबई भेज दिया।

### युवक को इंग्लैंड भेजने के नाम पर ठगे 13 लाख रुपये

**कैथल।** युवक को इंग्लैंड भेजने के नाम पर तीन आरोपियों ने 13 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव बाता निवासी रवि कुमार ने कलायत थाना में शिकायत दी कि उसके उसके दोस्त पवन के पिता ज्ञान सिंह से उसकी विदेश जाने को लेकर बातचीत हुई। ज्ञान सिंह ने कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का कार्य करता है। उसे भी विदेश भेज देगा। वह आरोपी के झांसे में आ गया और विदेश जाने बाबत उसने हां कर दी। 23 जुलाई 2023 को ज्ञान सिंह, उसकी पत्नी व पवन की पत्नी शर्मिला उनके घर पर आए और उससे आठ लाख रुपये ले गए। उसी समय उसकी बात मंगु नाम के एजेंट से करवाई। मंगु ने कहा कि मैं तुम्हें कल दुबई भेज रहा हू वहां पर मेरे आदमी मिलेंगे जो कि तुम्हे इंग्लैंड पहुंचा देंगे। 24 जुलाई को मंगु ने उसे टिकट भेजी और दिल्ली से दुबई भेज दिया। वहां पर उसे ज्ञान सिंह के कुछ लोग मिले। उन्होंने उसे जैसे तैसे रूस पहुंचा दिया। उसे वहां पर आर्मी ने पकड़ लिया और जेल में बंद कर दिया।



राजौंद । नहर के साथ फानों में तांडव मचाती आग। फोटो :हरिभूमि

### गांव बीरबांगड़ा में 10 एकड़ में खड़े फाने जलकर राख

**राजौंद।** राजौंद खंड के गांव बीर बांगडा में बृहस्पतिवार को नहर पुल के निकट आग लगने के कारण करीब10 एकड़ में खडे गेहूं के फाने व हजारों रुपए की पाईप जलकर राख हो गई। गांव के सरपंच दीपक राणा ने आगजनी की सूचना तुरंत प्रभाव से दमकल विभाग को दी और दमकल विभाग गाड़ी मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एक स्थान से धमकल की गाड़ी आग बुझा कर गई थी कि इतने में नहर की दूसरी तरफ फानों में आग लग गई। तेज हवा व फाने सूखे होने के कारण बारूद की तरह जल रहे थे। अगर बीच में नहर नहीं होती तो गांव बीर बांगड़ तक आग पहुंच सकती थी। नहर ने बीच में रामबाण का काम किया।।फाने सूखे होने तथा तेज हवा होने के कारण आग ने खूब तांडव मचाया। हालांकि आसपास के किसानों ने अपने ट्रैक्टरों व पानी के साथ आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग तेजी से बढ गई। वहीं आग के कारण राजौंद डिस्टीब्यूटरी पर काम चल रहा थाआग के भय से वहां काम करने वाली मशीनों को भी दूर ले जाया गया ताकि कोई अनहोनी न हो सके। इसके साथ ही वहां काम कर रहे श्रमिक भी नहर से दूर चले गए। काफी देर बाद व कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी में किसान पपु राणा व अन्य किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

## एडवाइजरी के अनुसार जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश

# गर्मी और लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम में बदलाव के दृष्टिगत उपायुक्त एवं जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन मोहम्मद इमरान रजा ने गर्मी व लू से संरक्षण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे खुद के बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतते हुए एडवाइजरी की पूर्ण अनुपालना करें। गर्मी व लू से बचाव के लिए गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ मे एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें हर विभाग के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिनकी अनुपालना अनिवार्य रूप से की जाएगी। विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करें। जिनमें ओआरएस, जरूरी दवाएं, क्या करें, क्या न करें की जानकारी वाले बोर्ड की स्थापना, पेयजल इत्यादि की पूर्ण व्यवस्था करें। उन्होंने आम जन से भी आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य विभाग कंट्रोल रूम में नंबर 108 पर सहायता ले सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम में गरम हवा और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुगोंर् और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर 'यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

### जंक फूड के सेवन से बचें

उपायुक्त ने आमजन से आह्वान किया कि वे जारी की एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनेंए टीवी देखें। समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हलके रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। डीसी ने कहा कि बच्चों को वाहनों में छोड़ कर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें। काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। दोपहर 12 बजे से सायं चार बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।



राजौंद। कालेज मांग को लेकर रोष प्रदर्शन करते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### कॉलेज बनाओ संघर्ष समिति ने निकाली ट्रैक्टर रैली

**राजौंद।** कालेज बनाओ सीवरेज हटाओ संघर्ष समिति के सदस्यों व किसान यूयिन ने मिलकर ट्रैरक्टर प्रदर्शन रैली निकाली। यह रैली कालेज बनाओ व सीवरेज प्लांट हटाओ को लेकर 91 दिन से चल रहे धरने को लेकर निकाली गई। यह ट्रैरक्टर प्रदर्शन रैली राजौंद से माजरा रोहेड़ा, रोहेड़ा, किठाना गुलियाणा, खेड़ी सिंबल वाली व खेड़ी रायवाली, नीमवाला, किच्छाना, कोटड़ा, सेरधा, संतोख माजरा से होती हुई वापिस राजौंद में पहुंची। संघर्ष समिति के सदस्य राकेश राणा, काका राणा व किसान यूनियन के जिला प्रधान महावीर चहल ने बताया कि वह पिछले 90 दिन से कालेज बस स्टैंड के सामने बनाने को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। लेकिन सरकार इस ओर कोई भी ध्यान नही दे रही। सरकार को 30 अप्रैल तक इस मांग को मनाने का समय दिया गया था, लेकिन सरकार ने उनकी मांग की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे खफा लोगों ने गांव- गांव जाकर सरकार के प्रति रोष जताया। इस ट्रैरक्टर प्रदर्शन रैली में आसपास के कई गांव के लोगों ने भाग लेते उन्हें आश्वासन दिया कि वह प्रदर्शन में उनके साथ है। संघर्ष समिति सदस्यों ने कहा कि अब सरकार से कालेज की मांग को लेकर कोई बात नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सुनैना चौटाला पांच मई को उचाना में

**उचाना।** हिसार लोकसभा से इनेलो उम्मीदवार सुनैना चौटाला पांच मई को दौरे की शुरूआत डूमरखा कलां गांव से करेंगी। हलकाध्यक्ष सूबे सिंह लोहान ने बताया कि डूमरखा खुर्द, सुदकैन कलां, सुदकैन खुर्द, लोधर, मांडी, संडील, थुआ, पेगां, शामदो, चांदपुर, डाहोला, बधाना, कुचराना खुर्द, कुचराना कलां गांव के दौरे सुनैना चौटाला करेंगी।

### जयप्रकाश चार को उचाना में

**उचाना।** हिसार लोकसभा से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार जयप्रकाश चार मई को उचाना हलके में होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य वीरेंद्र घोघड़िया ने बताया कि इस दिन हलके के विभिन्न गांवों में रोड शो आयोजित होगा तो रजबाहा रोड स्थित कार्यालय का उद्घाटन भी होगा। खटकड़ टोल से रोड शो शुरू होगा।

### आधा दर्जन ट्यूब्वेलों से केबल चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने अलग-अलग चार स्थानों पर आधा दर्जन टयूब्वैलों से कीमती केबल को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छाप्पर निवासी जसविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके तथा दो पडोसियों को टयूब्वैलों से कीमती केबल को चोरी कर लिया। वहीं गांव शीलाखेड़ी निवासी सुभाष के खेत से चोरों ने कीमती केबल को चोरी कर लिया।

### रैलियों में आयोग के निर्देशों की पालना हो

**जींद ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त इमरान रजा ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव की नामांकन प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व राजनीतिक पार्टियों को चुनाव प्रचार के समय रोड शो और रैलियों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी।

### निष्काम सेवा परमात्मा की सर्वोत्तम भक्ति

**जींद ।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि एक बार परमात्मा ने स्वर्ग का अधिपति चुनने के लिए देवदूतों को पृथ्वी पर भेजा। देवदूतों ने तदेखा पृथ्वी पर कोई परमात्मा की आरती उतार रहा था। कोई कथा कीर्तन कर रहा था। उन्होंने एक कीचड़ वाले रास्ते के पास ऐसा व्यक्ति मिला जो रातभर उधर आने वालों को लालटेन से रास्ता दिखाता था।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 को

**जींद।** जिला न्यायिक परिसर व उपमंडल न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि स्थानीय न्यायिक परिसर में आयोजित की जाने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लोग हर प्रकार के विवादों को समाधान के लिए रख सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में विवादों के समाधान के लिए आमजन की सुविधा अनुसार चार बैंच बनाए गए हैं।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर चार मई को

**जींद।** चार मई को गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में निशुल्क हार्ट एवं मेडिकल चेकअप शिविर का आयोजन किया जाएगा। चंडीगढ़ से ईडन अस्पताल से डॉक्टर्स की टीम, जिसमें लेडी डॉक्टर भी होंगी। ह्रदय जांच व जनरल मेडिकल चेकअप की सेवाएं प्रदान करेगी।

### होनहार विद्यार्थी स्कूल का गौरव : डिंपल

**उचाना।** ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रिंसिपलने कहा कि होनहार विद्यार्थी स्कूल का गौरव है। स्कूल के लिए ये बड़ी उपलब्धि है कि 12वीं में 43 में से 41 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की है। प्रतिस्पर्धा के निरंतर आगे विद्यार्थी बढ़ अपनी मंजिल को प्राप्त करें।

## 85 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर माता-पिता और स्कूल का नाम किया रोशन

# आर्य स्कूल का 12वीं कक्षा का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**आर्य समाज प्रधान ने समस्त बच्चों, अभिभावको और विद्यालय स्टाफ को इसके लिए बधाई दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। स्कूल के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वीं कक्षा का रिजल्ट सर्वश्रेष्ठ रहा। 12वीं कक्षा का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम आने पर आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत आर्य ने समस्त बच्चों, अभिभावको और विद्यालय स्टाफ को इसके लिए बधाई दी और कहा की इसी लगन के साथ समर्पित भाव के साथ मेहनत करते हुए बच्चों का भविष्य उ'जवल करते रहेगे और समाज में शिक्षा जगत को बुलंदियों पर पहुंचने का कार्य करते रहेंगे। प्रधान चंद्रकांत आर्य ने बताया कि 12वीं कक्षा में 130 बच्चे थे जिसमें से 85 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया तथा 43 बच्चों ने फर्स्ट डिवीजन के साथ परीक्षा परिणाम उत्तीर्ण किया। विद्यालय में प्रथम स्थान साहिल मिर्धा पुत्र इंद्र ने 467 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमांशु पुत्र राजेश कुमार ने 462 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा हर्षदीप पुत्र मनदीप ने 460 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त की। इस अवसर पर सभी बच्चों के अभिभावकों तथा बच्चों को स्कूल में बुलाकर उनको मोमेंटो से सम्मानित किया तथा मिठाइयां खिलाकर अभिभावक बच्चों और स्टाफ को बधाई दी। प्रधान चंद्रकांत आर्य कहा कि यह परीक्षा परिणाम अभिभावक ,बच्चों और स्टाफ के मेहनत का फल है और आगे भी इसी प्रकार आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अच्छे परीक्षा परिणाम देखता रहेगा प्राचार्य मनोज कुमार ने भी अभिभावकों, छात्रों और समस्त विद्यालय स्टाफ को इस परीक्षा परिणाम पर बहुत-बहुत बधाइयां दी तथा अभिभावको को विश्वास दिलाया की आर्य स्कूल इसी प्रकार अच्छे रिजल्ट देकर आपके बच्चों को संस्कारवान तथा शिक्षित करता रहेगा। इस अवसर पर आर्य समाज के मेंबर सतीश धतरवाल आर्य, धर्मपाल आर्य, वेदपाल आर्य, तेजपाल आर्य, सुरेंद्र आर्य, ललित आर्य, पार्षद नवीन आर्य, अतुल आर्य, गोल्डी आर्य तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### आर्य कन्या महाविद्यालय ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नरवाना।** गत दिवस हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा परिमाण में आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने संख्यात्मक एवं गुणात्मक दृष्टि से अद्वितीय प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्राचार्य मीना गर्ग ने बताया कि विद्यालय की कुल 114 छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा दी जिनमें सभी छात्राएँ उत्तीर्ण रही। 104 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर इतिहास रच दिया। तीनों संकायों में विद्यार्थियों ने ब्लाक स्तर पर स्थान प्राप्त किये। विद्यालय की 10 छात्राओं ने 95 प्रतिशत व 22 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। आज इन बच्चों को आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संचालित आर्य समाज नरवाना की प्रबंधक समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। आर्य समाज नरवाना के प्रधान चंद्रकांत आर्य ने अपने संबोधन में इस परिणाम का श्रेय छात्राओं, अभिभावकों व स्टाफ को दिया। उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक सुविधाओं को बढाने की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस श्रेष्ठ परिणाम से विद्यालय के सभी बच्चों में खुशी की लहर थी। इस अवसर चंद्रकांत आर्य, सतीश आर्य, पार्षद नवीन, धर्मपाल आर्य, गोल्डी आर्य, अतुल आर्य इत्यादि व अभिभावक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### राजकीय कसूहन स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**उचाना।** कसूहन गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने सविता रानी ने बताया कि 113 विद्यार्थियों में से 112 विद्यार्थी पास हुए। विज्ञान संकाय में 27 विद्यार्थियों में से 23 ने मेरिट प्राप्त की। विज्ञान संकाय में अन्नु ने 464 अंक लेकर पहला, रीतिका ने 452 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत कसूहन, सतीश, बलजीत नंबरदार, सतबीर शर्मा, महाबीर अत्री, रौनक राम, रमेश शास्त्री, प्रमोद प्रवक्ता, नीलम, कविता मौजूद रही।



### महर्षि लोमश स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार

**उचाना।** लोधर गांव के महर्षि लोमश स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या अनिता गिल ने बताया कि 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। सभी विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। स्कूल संचालक गजे सिंह गिल ने कहा कि निरंतर स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा, खेल के क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन कर रहे है। होनहार विद्यार्थियों पर गर्व है।

# मोतीलाल नेहरु स्कूल के छात्र छाए

- विद्यालय के कई छात्रों का शूटिंग में राज्य स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शूटिंग रेंज में बच्चे। फोटो :हरिभूमि


मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्रों का शूटिंग में राज्य स्तर पर चयन हुआ। इन छात्रों का चयन शूटिंग के क्षेत्र में उनके शानदार प्रदर्शन के माध्यम से किया गया और ये एक गर्व का क्षण है। जो विद्यालय को और छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में 14 से 21 अप्रैल तक हुआ और प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा का छात्र संजीत ने 18 वा रैंक, आठवीं कक्षा की स्नेहा ने 20वां रैंक और नौवीं कक्षा की छात्रा आराध्य ने 23 वा रैंक हासिल कर राज्य स्तर पर जगह बनाई और हर एक ने अपनी उम्र के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया व अपनी क्षमता और प्रतिभा का परिचय दिया। उनका राज्य स्तर पर चयन उनके प्रतिस्पर्धी क्षमता, जिम्मेदारी और खेलों के प्रति उनके समर्पण को साबित करता है। छात्रों का चयन उनके प्रारंभिक योगदान, नियमित प्रशिक्षण और शूटिंग कौशल के आधार पर किया गया है। इन छात्रों ने न केवल अपने खुद के प्रदर्शन को सुधारा है बल्कि उन्होंने स्कूल की छवि को भी बढ़ावा दिया है। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया प्राचार्य रविंद्र , प्रशासक वीपी शर्मा हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र ने छात्रों की प्रशंसा करते कहा कि छात्रों का ये उत्कृष्ट प्रदर्शन हमें गर्व का अनुभव कराता है।

### आंगनवाडी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएं

**जींद।** एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि जिला के सभी आंगनवाडी केंद्रों में बिजलीए पीने का पानी, साफ.-सफाई, शौचालय आदि बनवाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ताकि आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चे व महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ वीरवार को डीआरडीए हाल में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ तालमेल कर कार्य करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सुविधा अनुसार सभी प्राईमरी स्कूलों में प्ले स्कूलों के लिए एक कमरा उपलब्ध करवाएं।

# वेदांता स्कूल के आशीष का डीआरडीओ में सलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। आशीष नैन व अभिभावकों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलोदा खुर्द के मेधावी छात्र आशीष नैन पुत्र रोहताश नैन ने हैदराबाद डीआरडीओ रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन कार्यालय में असिस्टेंट के पद पर नियुक्ति प्राप्त की। डायरेक्टर इंजीनियर प्रदीप नैन ने वेदांता स्कूल के इस मेधावी छात्र को तथा उनके अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे स्कूल के शिक्षकों तथा आशीष में की मेहनत का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि आशीष द्वारा इस पद पर नियुक्त होना वाकई काबिले तारीफ है। आशीष एक साधारण किसान से संबंध रखते हैं। उनके पिताजी ने इस सफलता का श्रेय स्कूल प्रशासन और अनुभवी शिक्षकों को दिया। प्रधानाचार्य उमा यादव ने कहा कि आशीष नैन ने 9जी से 12जी तक नॉन मेडिकल इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण की है। वह शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं । अध्यक्ष रवि श्योकन्द ने आशीष को इस अवसर पर बधाई दी। वेदांत स्कूल की चेयरपर्सन शीला देवी ने आशीष और उनके अभिभावकों को इस अवसर पर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल में बहुत ही हर्ष का माहौल था। प्रदीप नैन ने इस अवसर पर बच्चों को बताया यदि हम मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण करेंगे तो जिंदगी में अवश्य ही आशीष नैन की तरह जीवन की ऊंचाइयों को छुएंगे।



जींद। पर्यटन रिपोर्ट लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### रिपोर्ट लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को पर्यटन विभाग के तत्वाधान में रिपोर्ट लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग के करीब 40 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभांरभ कॉलेज प्राचार्य डॉ मीनू सिहं ने किया। विद्यार्थियों द्वारा पर्यटन के विभिन्न विषयों पर रिपोर्ट लिख कर अपने-अपने विचारो को व्यक्त किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों में से बीटीएम तृतिया वर्ष ने जीन्द के पर्यटन स्थल पर अपनी रिपोर्ट लिखी तथा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आश्मा बीए प्रथम वर्ष ने हरियाणा में सम्मभावित पर्यटन विषय पर रिर्पाट लिखी तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रियंका ने दिल्ली के पर्यटन स्थल पर अपने विचार लिखे तथा तृतिया स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का सचांलन प्रो कमलजीत ने किया। इस अवसर पर पर्यटन विभाग से प्रोफेसर शीशपाल मलिक, डॉ नवीन व डॉ अमरजीत मौजूद रहे।

# मतदान करने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



जींद। राजकीय कालेज में मतदान के लिए शपथ लेते विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी।

अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को इलेक्ट्राल लिटरेसी क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कार्यक्रम के आयोजक प्रदीप सहारण ने की तथा मुख्य रूप से प्राचार्या वीना कुमारी ने हिस्सा लिया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मतदाता शपथ लेते हुए मतदाता जागरूकता के लिए नारे लगाए। महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के तहत वोटर्स सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया गयाए जहां विद्यार्थियों ने सेल्फी लेकर मतदाता जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाता विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने मत का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक प्रणाली की मजबूत करते हुए राष्ट्र हित का निर्माण करने मे योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक ने विद्यार्थियों को राष्ट्र हित के लिए मतदान करने के लिए जागरूक किया।

इस मौके पर सुनीता, डा. सुनेत रानी, डा. राहुल व अमरदीप समेत कालेज के अधिकतर स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



जुलाना। स्कूल का निरीक्षण करते जिला शिक्षा अधिकारी।

### पीएमश्री राजकीय कन्या स्कूल का डीईओ ने किया निरीक्षण

**जुलाना।** जुलानाकस्बे के पीएमश्री राजकीय कन्या स्कूल का जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने औचक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने 12 की परीक्षा के बेहतर परिणाम के लिए छात्राओं और शिक्षकों को बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय की विज्ञान लैब व कक्षाओं की जांच की। स्कूल में विज्ञान लैब और अधिक हाईटैक बनाने का सुझाव दिया। छात्राओं की संख्या बढ़ाने के साथ साथ उल्लास कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के सर्वे के निर्देश दिए। इस मौके पर प्राचार्य सत्यवान फौगाट, आनंद कुमार, सुषमा, नीलम, स्वीटी, सुभाषचंद्र, पिंकी, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## झांझ खुर्द, ईक्कस व दरियावाला में चलाया फीवर मास सर्वे

# पानी ठहरेगा जहां मच्छर पनपेगा वहां: राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। घर में रखी पानी की टंकी की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत झांझ खुर्द, ईक्कस व दरियावाला गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश कुमार के नेतृत्व में सुशील शर्मा, दिनेश, रामदयाल, ओमप्रकाश शर्मा, पवन, इंदु शर्मा, सुदेश, रीना, राजवंती, श्यामो देवी व कमलेश देवी स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे किया। स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा बुखार पीड़ित की रक्त पट्टिका बनाई गई और घरों के टंकी, कूलर, होदी, ड्रम, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ आदि में लार्वा की जांच की व मलेरिया से बचाव बारे पंपलेट भी बांटे गए। राजेश कुमार ने कहा कि सर्वे के दौरान नुक्कड़ सभाएं करके आम जनता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दे और मलेरिया से बचाव बारे जागरूक करें। स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश कुमार ने बताया कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है जोकि पानी में अपना जीवनचक्र पूरा करता है। मलेरिया बुखार के लक्षण बताते हुए कहा कि इसमे कंपकपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है। इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी व दस्त, चक्कर आना, जी मचलना व पूरे शरीर मे थकावट होती है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास पानी न खड़ा होने दें, अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें।

**ये रहे मौजूद**

कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें, मच्छरदानी लगाकर सोएं और ध्यान रखें कि उस पर मच्छर मारने वाली दवा लगी हो व उसमें कोई छेद न हो और वह कहीं से फटी न हो तथा वह अच्छी तरह लगी हो ताकि मच्छर अंदर न आएं, घर के अंदर मच्छर मारनेवाली दवा छिड़कें, घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगाएं, शरीर पूरी तरह ढका हो, पानी के बर्तनों को ढक कर रखें। इस दौरान सुशील शर्मा, दिनेश, रामदयाल, पवन, ओमप्रकाश शर्मा, रीना, राजवंती, सुदेश सहित अनेक स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



जींद। विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्या सविता सिंगला। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं को बैड और गुड टच के बारे में दी जानकारी

**उचाना।** गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी में 9वीं, 10वीं कक्षा की छात्राओं को बैड, गुड टच एवं साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या सविता सिंगला ने बताया बैड, गुड टच का पता होना जरूरी है। कोई भी बात अपने शिक्षक, अभिभावक से न छिपाए। कोई भी बात अगर विद्यार्थी के साथ घटती है, उसके मन में किसी तरह की कोई बात है तो वो जरूर बताए। कई बार मन में बात रखने से बड़ी बात बन जाती है। हमारे लिए कौन सही है कौन गलत है इसके बारे में भी पता होना जरूर है। आज के दौर में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर भी सचेत रहने की जरूरत है ताकि हम किसी अनहोनी घटना से बच सकें।

## खबर संक्षेप



### भाषण प्रतियोगिता में कोमल रही प्रथम

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब के तत्वाधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। विषय नशीली दवाओ व पदार्थो के प्रति जागरूकता लाना था। कार्यक्रम की शुरूआत युथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब की प्रभारी सुदेश द्वारा की गई। प्रथम स्थान कोमल बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान ज्योति बीए द्वितीय वर्ष व तृतीय स्थान लवनीत बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र, दीपक कुमार व राजरानी का योगदान रहा।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूर करें मतदान

**पूंडरी।** विश्व भर में भारत के अंदर लोकतंत्र सबसे मजबूत है, इसे और मजबूत बनाने के लिए जरूरी है कि मतदाता निर्भीक होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करें। एडवोकेट हन्नी वालिया ने कहा कि गणतंत्र मजबूत तभी बनेगा, जब हर मतदाता मतदान करे। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है। हर मतदाता को अपने मताधिकार के उपयोग बारे जागरूक करने के लिए जगह-जगह विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है।

### किशोरी को ले जाने के का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** किशोरियों को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने के दो मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में कलायत थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि एक मई को आरोपी आशीष उसकी 15 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले गया।

### बिजली समस्याओं का निवारण सात को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक यूएचबीवीएन कैथल के कार्यालय में 7 मई, पूंडरी में 14, गुहला में 21 तथा कैथल के कार्यालय में 28 को 11 बजे से 1 बजे तक बैठक आयोजित होगी।

## पुलिस कप्तान ने ली अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग

# शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं: एसपी

### लोकसभा चुनाव में ड्यूटी में लापरवाही नहीं होगी सहन: उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसपी उपासना ने सभी थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारियों को आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में दिशा निर्देश दिए और कहा कि सभी पूर्णतया शांति व निष्पक्षता से चुनाव करवाना सुनिश्चित करेगें। चुनाव में शांति भंग करने वाले या किसी भी प्रकार की रुकावट पैदा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाएगें। एसपी ने मीटिंग में मौजूद सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रभारियों को आदेश दिए कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में रात्रिकालीन पेट्रोलिंग को पूर्ण जागरूकता के साथ करें।

अवैध शराब,नशा तस्करी पर पुरी तरह से रोक लगाए। एसपी उपासना ने निर्देश दिए कि सभी थाना प्रबंधक सुनिश्चित करें कि चुनाव के सबंध में लगाए गए नाके पर तैनात पुलिस कर्मचारी संजीदगी पूर्वक कर्तव्यपालना करे। एसपी ने चिन्हित संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थानों/बूथो के बारे में निर्देश देते हुए कहा कि सभी पर्यवेक्षण अधिकारी व थाना प्रबंधक ऐसे स्थानों पर स्वंय जाकर हालातों का जायजा लेते रहें तथा आमजन के साथ समन्वय स्थापित करें। उन्होने कहा कि उद्घघोषित व बेल जंपर अपराधियों को अधिक से अधिक गिरफ्तार करे तथा अपने अपने क्षेत्र में अराजक व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखे और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करके आम जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करने के साथ साथ आगामी चुनाव को शांतिपूर्वक करवाना सुनिश्चित करे।



कैथल। एसपी उपासना अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए



कैथल। प्रशिक्षण लेते पीठासीन अधिकारी और सहायक पीठासीन अधिकारी।

### चुनाव में ड्यूटी देना गर्व का विषय, इसे निभाएं देश के प्रति अपना कर्तव्य समझकर : सत्यवान सिंह मान

**कैथल।** एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने की जिम्मेवारी चुनावी प्रक्रिया में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के कंधों पर है। ऐसे में हमारी भूमिका पूर्णत निष्पक्ष रहनी चाहिए। चुनाव में अपनी डयूटी देना गर्व का विषय है और इसे हमें देश के प्रति कर्तव्य मानकर निभाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे चुनाव हैंडबुक का भी अध्ययन जरूर करें, इससे चुनाव करवाने में आसानी होगी। एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सत्यवान सिंह मान आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के हॉल में पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों(एपीओ) की ट्रेनिंग के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले पीठासीन(पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों(एपीओ)की ट्रेनिंग दी गई है। ईवीएम, वीवीपैट, टेंडर वोट, चैलेंजिंग वोट, मतदाता पहचान पत्र के दस्तावेज, प्रयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के फार्म, पोस्टल वोट, माइक्रो पर्यवेक्षक, पोलिंग बूथ के अंदर प्रवेश करने वाले अधिकृत लोगों सहित अन्य चुनावी संबंधी जितने भी पहलू हैं, उन सभी का निर्वहन ध्यान से करना है। मास्टर ट्रेनरों ने कहा कि हमें भारत निर्वाचन आयोग की प्रत्येक गाइडलाइन का पालन करते हुए चुनाव को निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाना है और इसके लिए हमारे द्वारा चुनावी प्रक्रिया की हर गतिविधि को पारदर्शी तरीके से अपनाना है। चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार मॉक पोल के दौरान 50 वोट डलवाना सुनिश्चित करें। पीओ तथा एपीओ अपने स्तर पर मतदान केंद्र के निर्धारित स्थान में बदलाव नहीं कर सकते। अपरिहार्य स्थिति में इसके लिए उन्हें पहले सहायक निर्वाचन अधिकारी को बताना होगा। इस दिशा में कोई कदम उठाया जा सकता है।

## डोर टू डोर सफाई सिस्टम पर उठे सवाल



कलायत। उप मंडल सचिवालय से कुछ दूरी पर स्थित डंपिंग यार्ड की गिरी दीवार का मलबा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका क्षेत्र में डोर टू डोर सफाई सिस्टम पर निरंतर सवाल पर सवाल उठ रहे हैं। अभी उप मंडल सचिवालय के नजदीक कलायत अनाज मंडी-पिंजुपुरा रोड पर स्थित कचरा डंपिंग यार्ड पर गेट, सीसीटीवी, धर्म कांटा लगाने और निगरानी अधिकारी की नियुक्ति का मसले का हल नहीं हुआ था कि यार्ड की अलग-अलग स्थानों से दीवारों का बड़ा हिस्सा गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान सफाई कर्मी घटना स्थल से दूर थे। जिस प्रकार डंपिंग यार्ड का प्रबंधन नियम अनुसार नहीं हो रहा उसको लेकर समाज सेवी संगठन और शहरवासी बेहद खफा हैं। कृष्ण कुमार, प्रीत जगदेव, सुनील कुमार, विकास, शमशेर सिंह और दूसरे लोगों का कहना है कि डंपिंग यार्ड की बदहाल स्थिति के चलते कचरा आसपास के खेतों व सिंचाई संसाधनों को ढांप रहा है। यह साफ तौर से पर्यावरण के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन और डोर टू डोर सफाई एजेंसी से कचरा निपटान एवं प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था कायम करने की मांग की। ताकि केंद्र एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण सफाई अभियान को लक्ष्य तक पहुंचाया जा सके।कलायत में कचरा डंपिंग यार्ड की दीवार ढहने और इसके चलते इधर-उधर फैल रहे कूड़ा-कर्कट की समस्या को लेकर विश्व हिंदु परिषद की टीम भी मौका स्थल पर पहुंची। विहिप जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल और प्रखंड मंत्री संजय सिंगला ने कहा कि सफाई से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य को सुचारु रूप से पूरा करने का भरोसा नपा के साथ-साथ एजेंसी ने दिलाया है। इसके आधार पर आसपास फैले कचरे को साफ करवाया गया।

#### कचरा उठान व निपटान को लेकर पालिका गंभीर: अशोक कुमार

कलायत नगर पालिका अभियंता अशोक कुमार ने कहा कि डोर टू डोर सफाई प्रबंधन को लेकर प्रशासन गंभीर है। डंपिंग यार्ड पर कचरा निपटान एवं प्रबंधन कार्य को नियम अनुसार पूरा करना शहरी स्थानीय निकाय विभाग का ध्येय है। एजेंसी से डंपिंग यार्ड व सफाई व्यवस्था को लेकर जवाबतबली की जा रही है।

## आदर्श स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने बताया कि साहिल ने 12 वीं कक्षा की परीक्षा में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। कहा कि उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और दृढ़ता को दर्शाता है साहिल की उपलब्धि न केवल उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को उजागर करता है बल्कि उनके साथियों के लिए प्रेरणा भी बनती है। शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और ऐसे प्रतिस्पर्धी माहौल में उत्कृष्टता प्राप्त करने की उनकी क्षमता सराहनीय है। स्कूल छात्र साहिल ने शैक्षणिक यात्रा के दौरान अपने शैक्षणिक कौशल और नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया है। उपलब्धि उनके संस्थान द्वारा प्रदान की गई शिक्षा की गुणवत्ता और उनके शिक्षकों और परिवार के समर्थन का प्रमाण हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि साहिल के अलावा छात्र हर्ष ने 455 अंक प्राप्त किए और छात्रा मुस्कान ने 451 प्राप्त किए शिवानी ने 443 अंक प्राप्त किए वाणिज्य संकाय में अमन ने 439 अंक श्रुति ने 420 अंक और कला संकाय में मुकेश ने 464 अंक हर्षदीप ने 447 अंक प्राप्त किए।



कैथल। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर स्कूल स्टाफ सदस्य सम्मानित करते हुए।

### आरकेएसडी महाविद्यालय का परिणाम रहा शानदार

**कैथल।** पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस रोहतक द्वारा जारी बी. फार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम में आरकेएसडी फार्मेसी महाविद्यालय का ओवरऑल परीक्षा परिणाम बहुत ही अच्छा रहा। महाविद्यालय की मेधावी छात्रा महक ने 91.1% अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में चौथा स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस परीक्षा परिणाम में 100 में से 35 बच्चों ने डिस्टिंक्शन हासिल किया है। आरकेएसडी कॉलेज ऑफ फामेर्सी की परीक्षा परिणाम में महक ने पहला, कुणाल ने दूसरा तथा रजनी ने तीसरा स्थान हासिल कर महाविद्यालय को बुलंदियों की तरफ पहुंचाया है।

## होनहार छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव सौगरी गुलियाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर ग्रामीणों द्वारा स्कूल में सम्मान समारोह कार्यक्रम में भाग लेकर सभी मैरिट वाले विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया। स्कूल में कार्यक्रम में भारी संख्या में दोनों गांव के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश कुमार देशवाल ने बताया कि उनके स्कूल के कुल 69 विद्यार्थियों में से 37 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है जबकि 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय की होनहार छात्रा तनु ने 500 में से 482 अंक लेकर ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय गांव व माता-पिता का नाम रोशन किया है। इसके अलावा अनु देवी ने 500 में से 480 अंक प्राप्त करके ब्लॉक में दूसरा स्थान व रेणु ने 500 में से 476 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया है।इस शानदार सफलता से अत्यंत खुश होकर समस्त सौंगरी व गुलियाना के समस्त ग्राम वासियों व दोनों ग्राम पंचायतों तथा शिक्षा समिति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को व स्टाफ सदस्यों को एक शानदार समारोह करके सम्मानित किया।



कैथल। सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को फूल मालाओं के साथ कार्यक्रम में सम्मानित करते दोनों गांवों के ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो टूनार्मेंट में जाट स्कूल ने जीते कई पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मनाली हिमाचल प्रदेश में 25 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2024 तक राष्ट्रीय ताइक्वांडो टूनार्मेंट हुई थी जिसमें जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल के नेहा 55,खुशी (45) तुषार,(40) ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। सभीस्कूल खिलाड़ियों ने तीन चार राउंड हुए । प्रतियोगिता में जाट वरिष्ठ माध्यमिक खिलाड़ियों ने 45 किलोग्राम खुशी , 55 किलोग्राम नेहा और 40 किलोग्राम में तुषार में गोल्ड मेडल जीता। स्कूल पहुंचने पर जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक चंद्रशेखर, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह सिरोही व जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रिंसिपल सुबे सिंह मलिक ने इस खिलाड़ी गोल्ड मेडल पहनाकर स्वागत किया । प्रिंसिपल सुबे सिंह मलिक ने इन सभी खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि अन्य विद्यार्थियों को भी इन बच्चों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढना चाहिए। इसअवसर पर जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पूनम देवी, जसवंत सिह, अनिल गोयत, संदीप मनीषा अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



कैथल। विजेता रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते जाट समिति के प्रशासनक चंद्रशेखर व अन्य।

## सेहत विभाग ने जारी की एडवाइजरी

- शिक्षा और परिवहन विभाग को हीटवेव के दौरान ओआरएस कॉर्नर बनाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने कहा कि मई महीने में तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव से बचाव, व हीट स्ट्रोक के ईलाज बारे एडवाइजरी जारी की है। संभावित हीटवेव के चलते स्वास्थ्य विभाग ने अपने सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए विशेष प्रबन्ध करने शुरू कर दिये है। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा विभाग को सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में ओआरएस कॉर्नर बनाने सलाह दी है। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने कहा कि मई महीने में तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। बच्चों से धूप में शारीरिक गतिविधियां ना करवाई जायें। उन्होंने हरियाणा रोडवेज के महाप्रबन्धक को भी पत्र लिखकर कहा है कि सभी बसों में पीने के पानी की व्यवस्था की जाये व सभी बस स्टैंडो पर ओआरएस कॉर्नर बनाये जायें।

#### गर्मी से बचाव के लिए ये अपनाएं

जैसा संभव हो पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं।, हल्के रंग के व खुले वस्त्र पहनें। धूप के चश्मे, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें।, सफर के दौरान पानी साथ में रखें।, हीट स्ट्रोक के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सर दर्द, उवकाई, पसीना आना आदि को पहचाने।, अगर आप खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहे तथा छाते का प्रयोग करें।, यदि मूर्छा या बीमारी का अनुभव करते है तो तुरंत चिकित्सीय सलाह ले। गर्मी से बचाव के लिए ठंड़ा पेय जल लें।

**ये ना करें :** अधिक गर्मी वाले समय में विशेषकर दोपहर 12 से 3 बजे के मध्य सूर्य की सीधी रोशनी में जाने से बचें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तब अधिक काम न करें। नंगे पैर बाहर न निकलें। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतु जानवरों को न छोडें। गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र पहनने से बचें। अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें।

## भौतिकशास्त्रीय मीमांसा विषय पर दो दिवसीय वेबिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय एवं अनुप्रयुक्त संस्कृत शास्त्रीय ज्ञान संस्थान, चण्डीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में ,संस्कृत शास्त्रीय पदार्थ एवं कार्य-कारण की अवधारणाओं की भौतिकशास्त्रीय मीमांसा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के फिजिक्स विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर रमेश चंद्र शर्मा रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में अनुप्रयोग संस्कृत शास्त्रीय ज्ञान संस्थान चंडीगढ़ के निदेशक एवं एस.डी. कॉलेज ,अंबाला कैंट संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ आशुतोष अंगिरस ने विषय की प्रस्तावना करते हुए कहा कि आधुनिक फिजिक्स को हम अपने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के भौतिकी विज्ञान में किस तरह से खोज सकते हैं इसके लिए उन्होंने वैशेषिक दर्शन के 6 पदार्थ का और आधुनिक क्वांटम फिजिक्स में पदार्थ वर्णन का एक विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण सामने रखा। प्राचार्य डॉ संजय कुमार गोयल ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में आधुनिक विज्ञान के सूत्रों का अध्ययन एक अद्भुत रोचक विषय है और महाविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है कि इस तरह के विषय पर व्याख्यान करवाने का उन्हें एक अवसर प्राप्त हुआ है। डॉ रमेश चंद्र शर्मा ने पदार्थ और कार्य कारण का वर्णन न केवल वैशेषिक दर्शन की दृष्टि से किया अपितु सांख्य दर्शन, योग दर्शन, मीमांसा वेदांत दर्शन एवं पुराणों के आधार पर भी उन्होंने विचार प्रस्तुत किये।

### विज्ञान संकाय में 480 अंक प्राप्त कर काफी गोयत जिले में प्रथम

## शिक्षा भारती विद्या निकेतन स्कूल का परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा में शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक जितेंद्र सिंह ने बताया कि बारहवीं कक्षा कुल 99 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 34 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। 45 विद्यार्थियों ने अपना नाम प्रथम श्रेणी में दर्ज करवाया। विज्ञान संकाय (मेडिकल) में काफी गोयत सुपुत्री वकील चंद (गांव दुन्धरेहडी) ने 12वीं की परीक्षा में 480/500 अंक प्राप्त करके जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने गांव, क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया। काफी गोयत ने गृह विज्ञान में 97 अंक , भौतिक विज्ञान में 98 अंक, रसायन विज्ञान में 98 अंक, जीव विज्ञान में 96 अंक व गणित में 92 अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय (नान मेडिकल) मे 12वीं की छात्रा अन्नु सहारण सुपुत्री नरेश कुमार (गांव कोलेखां) ने 467/500 अंक प्राप्त करके कलायत ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनू ने भौतिक विज्ञान में 94 अंक, रसायन विज्ञान में 93 अंक, व गणित में 95 अंक प्राप्त किए। कला संकाय की छात्रा शबनम ने 467/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। शबनम ने भूगोल में 95 अंक, संगीत में 96 अंक, व हिंदी में 93 अंक प्राप्त किए । चेयरमैन कुलदीप सिंह ने विद्यालय पहुंचने पर काफी गोयत, अनू व उनके माता-पिता का भव्य स्वागत किया और विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। उप प्रधानाचार्य अमरदीप भारद्वाज, अधिवक्ता अमनदीप बिढान , वर्षा गिरीधर, भीम सिंह, ललित शर्मा सुखबीर सजुमा, मुकेश रानी, मंजू खुराना, मनीषा बर्मा, मंदीप, परवीनदर, अंकित, परमजीत, महावीर सिंह आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।



कैथल। अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी । फोटो :हरिभूमि

## 12वीं में रोहेड़ा का गौरव प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गौरव विद्यालय रोहेड़ा के विद्यार्थी ने पाया ब्लॉक में प्रथम स्थान। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने बताया कि यह स्कूल के कर्मठ एवं अनुभवी स्टाफ सदस्यों और बच्चों की मेहनत जागरूक अभिभावकों के सहयोग का ही नतीजा है कि पिछले लंबे समय से विद्यालय बोर्ड परीक्षाओं में ब्लॉक जिला और हरियाणा स्तर पर स्थान प्राप्त करता रहा है। उन्होंने बताया कि पिछली बार भी दसवीं की छात्रा स्वाति मलिक ने राजौंद ब्लाक में टॉप किया था। अब की बार छात्रा काफी ने 12 वीं की कला संकाय में 94.2 प्रतिशत 471 अंक लेकर राजौंद ब्लॉक के सभी विद्यालयों में प्रथम स्थान अर्जित किया है। इसी परिवार की लड़की अंजलि ने 94 प्रतिशत 470 अंक लेकर ब्लॉक में द्वितीय स्थान अर्जित किया व तमन्ना ने विद्यालय में तृतीय स्थान अर्जित किया है। प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने इस उपलब्धि के लिए सभी बच्चों स्टाफ व अभिभावकों को बधाई दी और बच्चों को इस परिणाम से प्रेरित होकर भविष्य में सफलता की ओर बढ़ने के लिए मेहनत करने का अनुरोध किया। स्कूल के स्टाफ सदस्य जयपाल, बलविंद्र कुलदीप, जोगिंद्र रमन, राहुल, दीपक, सुखबी, मधु, आशा, मोनिका, कविता, कीर्ति आदि मौजूद रहे।



कैथल। ब्लॉक में प्रथम आए विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### दो बेटियों सहित विवाहिता लापता

**कैथल।** चीका की एक कॉलोनी से एक विवाहिता दो बेटियों सहित लापता हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि 28 अप्रैल को शाम के समय उसकी 35 वर्षीय पत्नी घर से बिना बताए कहीं चली गई और वापस नहीं लौटी। वह उसकी दो बेटियों को भी साथ ले गई। जांच अधिकारी रामपाल ने बताया कि पुलिस ने लापता का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 11 मई को होगा लोक अदालत का आयोजन

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रितू ने बताया कि 11 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निपटारा करवा सकते हैं। न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।

### समाजसेवी ने विद्यार्थियों को बांटी पाठ्यय सामग्री

**सीवन।** सीवन के समाजसेवी अभिषेक मेहता ने बृहस्पतिवार को नगर के प्रेमलता की आंगनबाड़ी में बच्चों को कापियां व स्टेशनरी का सामान वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों का रुझान आरंभ से ही शिक्षा के प्रति हो इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जाना चाहिए। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और शिक्षा से ही हम अपने भविष्य को संवार सकते हैं। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को नोटबुक व पेंसिल आदि वितरित की। इस अवसर पर प्रेमलता व निर्मला भी मौजूद रहे।

### कब्जा करने की नीयत से जोत दिया खेत

**कैथल।** गांव खरोदी में चार आरोपियों ने कब्जे की नीयत से एक किसान का खेत जोत दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी श्याम लाल ने गुहला थाना में शिकायत दी कि 27 अप्रैल को आरोपी शीशपाल, रमना, सिप्पा व अन्य ने उनके खेत में बाहर से ट्रैक्टर बुलाकर उनके खेत को जोत लिया। आरोपियों ने हथियारों के साथ जैसे गंडासी, लाठी व तलवार के साथ लडके बुला रखे थे। वे अपनी जान बचाने के लिए अपने घर में ही बैठे रहे।

## पिछली बार नरवाना बना था डेंगू के मामले में हॉट स्पॉट

# बिना स्वास्थ्यकर्मी कैसे पाएंगे डेंगू के डंक से पार

- जिले में कुल 186 सब हेल्थ सेंटर, 222 की जरूरत
- नरवाना की आबादी 71 हजार, एमपीएचडब्ल्यू के तीन पद, वो भी समाप्त
- स्वास्थ्यकर्मी आमजन को मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करने में जुटे : डा. बिजेंद्र ढांडा


जींद। बुखार पीड़ितों के रक्त के सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी तथा मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिला फिलहाल डेंगू के डंक से दूर है और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक भी मामला डेंगू का सामने नही आया है। बावजूद इसके स्वास्थ्यकर्मियों (एमपीएचडब्ल्यू) की कमी डेंगू रोको अभियान को नुकसान पहुंचा सकती है। पिछली बार की बात की जाए तो डेंगू को लेकर हॉट स्पॉट नरवाना बना था और यहां हर दिन डेंगू के मामले सामने आए थे। नरवाना की आबादी लगभग 72 हजार है और यहां एमपीएचडब्ल्यू के तीन पद थे। जोकि समाप्त किए जा चुके हैं। ऐसे में एमपीएचडब्ल्यू पद बहाली की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

### स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी से जूझ रहा जींद

स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रधान एवं स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि जींद जिला की बात की जाए तो कुल 186 सब हैल्थ सेंटर हैं जबकि यहां नोरम के हिसाब से 222 स्वास्थ्य केंद्रों की जरूरत है। सभी जगह स्वास्थ्यकर्मियों की कमी है। जींद शहर की आबादी 216435 के लगभग है तो जिला उपमंडल स्तर के नरवाना शहर की आबादी 71917 है। जींद शहर में स्वास्थ्य सेवाएं चलाने के लिए जहां वर्तमान मे पीपीसी नागरिक अस्पताल जींद तथा कार्यालय उप सिविल सर्जन जींद के तहत 21 एमपबीएचडब्ल्यू व तीन एमपीएचएस (मेल), दो एमपीएचडब्ल्यू (फिमेल) व एक एमपीएचएस (फिमेल) के नियमित पद स्वीकृत हैं। अब केवल जिला स्तरीय शहर में छह एमपबीएचडब्ल्यू (मेल) व एमपीएचएस (मेल) हैल्थ इंस्पेक्टर के पद दर्शाए गए हैं।

### शहरों में स्वास्थ्य सेवाएं हो रहीं प्रभावित

नरवाना की आबादी 72 हजार है लेकिन यहां एमपीएचडब्ल्यू के तीन पद थे, जो समाप्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य सुपरवाइजर का भी एक पद था, जो समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा चार फिमेल के पद थे जो समाप्त कर दिए गए। इसी कारण यहां पर कभी जींद से तो कभी उझाना से कर्मचारियों को बुलाया जाता है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा ने बताया कि लाखों की आबादी वाले बड़े शहरों तथा एक लाख से कम आबादी वाले केवल जिला स्तरीय छोटे शहरों में एक समान छह एमपीएचडब्ल्यू व एक सुपरवाइजर के पदों का नोरम निर्धारित कर शेष सभी शहरों में सभी पद समाप्त कर दिए गए हैं। कर्मचारियों के पद समाप्त होने से शहरों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हरियाणा की आबादी व नोरम के अनुसार प्रदेश में 4024 उपस्वास्थ्य केंद्र, 671 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 164 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो की आवश्कता के अनुरूप केवल 2733 उपस्वास्थ्य केंद्र, 409 प्राथमिक केंद्र तथा 123 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हैं। जो कि जनता को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए कम हैं। परंतु इसके बावजूद पहले से स्वीकृत पदों को समाप्त कर स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ से आमजन को वंचित किया जा रहा है।

| वर्ष | मलेरिया | डेंगू | चिकनगुनिया |
|---|---|---|---|
| 2015 | 45 | 668 | 0 |
| 2016 | 17 | 157 | 15 |
| 2017 | 27 | 135 | 0 |
| 2018 | 17 | 98 | 0 |
| 2019 | 03 | 47 | 0 |
| 2020 | 00 | 28 | 1 |
| 2021 | 00 | 622 | 1 |
| 2022 | 00 | 535 | 1 |
| 2023 | 00 | 340 | 5 |
| 2024 | 00 | 00 | 00 |

### अब नागरिक अस्पताल में है प्लेटलेट्स की सुविधा

जिन लोगों में खून की कमी होती है, उन्हें नागरिक अस्पताल में पूरा खून चढ़ाया जाता है। अस्पताल में अब बल्ड कंपोनेंट सैपरेटर मशीन है तो वह खून के अंदर सभी कंपोनेंट को अलग-अलग कर देती है। इसके बाद जिस मरीज को जिस कंपोनेंट की जरूरत होगी, उसको वही चढ़ाया जा सकता है। डेंगू के दौरान मरीज में प्लेटलेट्स कम हो जाती हैं। ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट मशीन खून से प्लेटलेट्स भी अलग कर देती है। इसके बाद मरीज को प्लेट्लेट्स चढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा जिन मरीजों में खून की कमी होती है उनको आरबीसी की जरूरत होती है। इसके बाद मरीजों को केवल आरबीसी ही चढ़ाया जा सकता है। इस मशीन द्वारा प्लाजमा भी अलग किया जाता है। किसी दूसरे मरीज का प्लाजमा भी दूसरे मरीज को चढ़ाया जा सकता है। पहले इस मशीन की कमी के कारण काफी मरीजों को दूसरे जिलों में रेफर करना पड़ता था। अब मशीन शुरू होने के बाद जिले के मरीजों को काफी लाभ होगा।

### स्वास्थ्य विभाग में मुफ्त की जाती है डेंगू व मलेरिया की जांच : डा. बिजेंद्र ढांडा

डिप्टी सीएमओ मलेरिया डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि विभाग के पास जितने भी स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध हैं, सभी फिल्ड में लोगों को मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करने में जुटे हैं। फिलहाल जिले में कोई डेंगू व मलेरिया का मामला सामने नहीं आया है। स्वास्थ्य विभाग में डेंगू व मलेरिया की जांच मुफ्त की जाती है।

# सार्वजनिक स्थानों पर रखी पीने के पानी की टंकियों को करवाएं साफ

- स्वास्थ्यकर्मी कर रहे पानी की टंकियों से सैंपल
- टंकी का ढक्कन नहीं है तो उसे अवश्य लगवाएं : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में एडवाइजरी जारी करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी के लिए रखी टंकियों को साफ करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में नागरिक अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गोपाल गोयल ने बताया कि गर्मी के मौसम के मध्यनजर सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों में दूषित पानी सप्लाई होने से उल्टी दस्त होने की आशंका रहती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतर्कता बरतते हुए समय-समय पर ऐसे सभी स्थानों से पीने के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाया जा रहे हैं।

उन्होंने विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी को जिला में लागू करवाने को लेकर विभागाध्यक्षों, संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आमजन से अनुरोध है कि वे अपने कार्यालयों तथा सार्वजनिक स्थलों पर या उनके आस पास पीने के पानी की जो भी टंकियां रखी हुई हैं, उन सभी को साफ करवाएं। यदि किसी टंकी का ढक्कन आदि नहीं है तो उस टंकी पर ढक्कन भी लगवाएं ताकि बंदर या अन्य कोई जीव जंतु पीने के पानी को दूषित न कर पाए। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि पीने के पानी की टंकियों का प्रत्येक सप्ताह में एक बार निरीक्षण भी करवाएं। इसके अतिरिक्त कार्यालय व अपने आवासों में कूलर आदि का सप्ताह में एक बार अवश्य सफाई करवाएं ताकि मच्छर का लार्वा पैदा होने से पहले ही नष्ट किया जा सके। जिससे लोगों को मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाया जा सके।


जींद। पीने के पानी की टंकी से पानी का सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

# कनाडा की नागरिकता दिलवाने का झांसा देकर छह लाख रुपये ठगने के तीन आरोपी गिरफ्तार

- फ्रॉड किए हुए रुपयों को नेटबैंकिंग के मध्यम से कई बैंक खातों में कर देते थे ट्रांसफर
- आरोपितों से चार मोबाइल व छह सिम समेत 52 हजार की राशि बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कनाडा गए व्यक्ति को नागरिकता दिलाने का झांसा देकर उसके रिश्तेदारों से छह लाख रुपये की राशि हड़पने के तीन आरोपितों नार्थ वेस्ट दिल्ली निवासी सुमित, बिहार के गोपालगंज निवासी बबलू कुमार, राज पार्क सुल्तानपुरी उत्तर पश्चिम नई दिल्ली निवासी अंकित मलिक को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित बबलू से पूछताछ के दौरान तीन मोबाइल हैंडसेट, पांच सिम कार्ड, एक एटीएम कार्ड व 50 हजार रुपये बरामद किए हैं। वहीं आरोपित सुमित से एक मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड व दो हजार की नगदी बरामद हुई है। इस मामले में और भी कई आरोपितों का नाम सामने आए हैं, जिनको जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### यह है मामला

गांव निम्नाबाद निवासी कुलविंद्र सिंह ने गत चार अप्रैल को साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि मेरी साली का लड़का जुझार सिंह कनाडा गया हुआ है। 15 फरवरी को विदेशी नंबर से उसके ससुर पंजाब के पटियाला जिले के गांव खतौली निवासी गुरचरण सिंह के पास फोन आया। जहां पर आरोपितों ने कहा कि वह विदेश भेजने वाले एजेंट बोल रहा है और आपका दोहता जुझार सिंह कनाडा गया हुआ है और उसको वहां की नागरिकता दिलाने के लिए छह लाख रुपये देने पड़ेंगे। इस पर उसके ससुर गुरचरण सिंह ने उनका नंबर दे दिया। इसके बाद ठगी करने वालों का उसके पास फोन आया। जहां पर आरोपितों की बातों पर विश्वास हो गया और उनके द्वारा दिए गए बैंक खाते में छह लाख रुपये डाल दिए। राशि डालने के बाद उसको अहसास हुआ कि यह तो ठग गिरोह है और पूरे प्लान के साथ राशि को खाते में डलवाई है। इसके बाद जब जुझार सिंह से संपर्क किया तो उसने भी बताया कि कोई राशि नहीं डलवाई है। पुलिस जांच में सामने आया कि नार्थ वेस्ट दिल्ली निवासी सुमित व बिहार के गोपालगंज निवासी बबलू कुमार का नाम सामने आया।

### लालच में आकर बैंक खाते व सिम उपलब्ध करवाए आरोपियों को

साइबर थाना प्रभारी पूजा देवी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपित बबलू ने बताया कि छह महीने पहले उसकी मुलाकात निलेश से माझागढ़ गोपालगंज बिहार में हुई थी। निलेश ने बबलू को बताया कि वह ऑनलाइन फ्रॉड का काम करता है। जिसने बबलू को भी पैसे का लालच दिया था। लालच में आकर निलेश के कहने पर बबलू दिल्ली आ गया। दिल्ली आने पर उसकी मुलाकात सुमित से हुईद्ध बबलू ने सुमित से कहा कि वो बैंक खातों और मोबाइल सिम का प्रबंध कर ले। इसके बदले में 15-15 हजार रुपये उसे देगा। जिस पर सुमित ने बबलू के तीन बैंक खाते और खातों से लिंक तीन सिम दिए। जिसके बदले में बबलू ने सुमित को 25 हजार दे दिए। इसके बाद सुमित ने बबलू को 20-25 अन्य बैंक खाते अलग-अलग बैंकों के दिए। बबलू इन्ही खतों में रुपये ट्रांसफर कर देता था।


राजौंद। कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते हुए प्रबंधन समिति सदस्य व स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# रोहेड़ा स्कूल में मेरिट हासिल करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सरस्वती पब्लिक स्कूल रोहेडा में आज मेरिट वाले बच्चों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन समिति स्कूल स्टाफ व गांव के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि विद्यालय का 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम गत वर्षो की भांति शानदार एवं शत प्रतिशत रहा।कुल 18 बच्चों में से 10 छात्रों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। अंकिता ढांडा और भारती जागलान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।विद्यालय में मीठा मुंह करवा कर और स्मृति चिन्ह देकर बच्चों को सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने नृत्य करके खुशी जताई। प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने इस सफलता पर सभी बच्चों अध्यापकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी और बच्चों को भविष्य में भी अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। प्लीज डांस सभी स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### 105 मामलों में 145 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** अप्रैल माह में पुलिस अपराधियों पर भारी रही। पुलिस ने अप्रैल माह में शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी आदि के 105 मामलों में 145 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। अप्रैल माह दौरान संपंती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 44 मामलों में 80 आरोपी काबू करके उनके कब्जे से 76 लाख 72 हजार 300 रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है। इनमें चोरी के 5 मामले में 7 आरोपियों को काबू करके 615000 रुपए की संपत्ति, सेंधमारी के 15 मामलों में 32 आरोपियों को काबू करके 49 लाख 39 हजार 800 रुपए की संपत्ति, स्नैचिंग के 1 मामलों में 1 आरोपी के कब्जे से 7 हजार रुपए की संपत्ति, लूट के 2 मामलों में 6 आरोपियों के कब्जे से 6 लाख 20 हजार रुपए की संपत्ति, ट्रांसफार्मर चोरी के एक मामले में 1 आरोपी के कब्जे से 70 हजार रुपये की जनसंपत्ति बरामद की गई।


जींद। अतिक्रमण हटाते हुए नपा टीम।

# नगरपरिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसडीएम गुलजार मलिक के निर्देश पर नपा द्वारा दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जेई सत्यवान की अगुवाई में लितानी रोड, रेलवे रोड, पालवां रोड, नए बस स्टैंड से पालवां बस स्टॉप तक दुकानों के आगे से अतिक्रमण को हटाया। जेई सत्यवान ने कहा कि लगातार इस तरह के अभियान चलाए जाते रहेंगे। दुकानदारों को चाहिए कि वो शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। कई बार दुकादारों को पहले चेतावनी दी जा चुकी है कि दुकानों के आगे सामान न रखे, रेहड़ी वाले सड़क पर रेहड़ी न लगाएं। शहर को अतिक्रमण मुक्त सभी के सहयोग से किया जाएगा। दुकानदार अगर दुकानों के आगे सामान रख कर अतिक्रमण करेंगे तो उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अतिक्रमण सड़क के दोनों तरफ होने से सड़क सिकुड़ जाती है।

### गेहूं के बैग, रुपये और मशीन चोरी कर ले गए

**कैथल।** तीन अलग-अलग मामलों में चोर गेहूं के बैग, रुपये व मशीन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में कलायत अनाज मंडी के दुकानदार रणधीर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि 30 अप्रैल को रात के समय अज्ञात आरोपी उसके 14 बैग गेहूं चोरी कर ले गए। चोरी हुए अनाज की कीमत 13 हजार रुपये है। जांच अधिकारी मंजीत ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में गांव कांगथली निवासी रामफल ने सीवन थाना में शिकायत दी कि 25 अप्रैल को आरोपी रिंकू उसके व ओमप्रकाश के पर्स से 7500 रुपये व अन्य कागज चोरी कर ले गया। तीसरे मामले में डोगरा गेट निवासी रोशन लाल ने शहर थाना में शिकायत दी कि 23 अप्रैल को रात के समय अज्ञात आरोपी उसकी लोहे की दुकान से रुलिंग मशीन चोरी करके ले गया।


जींद। पुरानी मंडी में चल रहा गेहूं उठान का कार्य। फोटो : हरिभूमि

# मंडी में उठान की रफ्तार में पहले से आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना मंडी में उठान की रफ्तार वीरवार को बीते दिनों की अपेक्षा तेज दिखाई दी। आढ़तियों द्वारा उठान में तेजी की मांग को लेकर मंडी गेटों पर तालाबंदी की चेतावनी के बाद डीएफएससी निशांत राठी, हैफेड डीएम पुनीत पंघाल पहुंचे थे। गुरूवार से गेहूं के उठान की रफ्तार को बढ़ाने का आश्वासन आढ़तियों को दिया था। आढ़ती एसोसिएशन प्रधान सत्यवान पेगां ने बताया कि इस बार बीते साल की अपेक्षा गेहूं की आवक उचाना मंडी में अधिक हुई है। उठान की रफ्तार कम होने से किसानों के खाते में पेंमट नहीं आ रही है। गोदामों में कई बार अनलोडिंग प्वाइंट कम होने से परेशानी बढ़ी तो कई बार नमी बता कर गेहूं के लोडिंग ट्रकों को वापिस भी भेजा गया। जब तक गोदामों में गेहूं के बैग नहीं पहुंचेंगे तब तक किसान के खाते में पेमेंट नहीं आती है। उठान की रफ्तार बढ़ाने का आश्वासन मिलने के बाद आढ़तियों ने मंडी गेटों को ताला लगाने का फैसला स्थगित किया था।

**समाधान** | 90 लाख रुपये की लागत में बिछाई जाएंगी भूमिगत पाइपें

# नेशनल हाईवे से पूंडरी ड्रेन तक बरसाती पानी की निकासी के लिए सिंचाई विभाग ने बनाई पुख्ता योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

नेशनल हाई वे पर स्थित डेरा व्यास सत्संग भवन से सजूमा रोड़ तक बरसाती पानी के निकास के लिए सिंचाई विभाग द्वारा परियोजना अमल में लाई जा रही है। 90 लाख रुपए से बनने वाली इस परियोजना के पूरा हो जाने पर किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। जानकारी देते हुए सिंचाई विभाग के उपमंडल अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया की गहराई में होने के कारण इस क्षेत्र का बरसात के मौसम में जमा पानी निकल ही नहीं पाता। कई बार तो जलभराव के कारण से किसान दो दो फसलें ले ही नहीं पाता। इस क्षेत्र के किसान व खेती बरसाती पानी के कारण बुरी तरह से प्रभावित है। इससे पूर्व सिंचाई विभाग ने बरसाती पानी की निकासी के लिए प्रयास किए थे जिन्हें किसानों ने यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि इससे तो ड्रेन का पानी वापिस उनके खेतों में आएगा। पानी निकासी के पुख्ता प्रबंधों को लेकर विभाग ने खुशीराम शर्मा, बलराज मोर व राजीव शर्मा की एक कमेटी बनाई। उस कमेटी के सुझाव पर ही नेशनल हाईवे से पूंडरी ड्रेन व बीबडी माता से पूंडरी ड्रेन तक पाईपें बिछाई जाएंगी जिनके माध्यम से केवल बरसात का जमा पानी पूंडरी ड्रेन नंबर 2 में पंपों के माध्यम से डाला जाएगा। कनिष्ठ अभियंता मोहित धीमान ने बताया की लो लाइंग ऐरिया होने के कारण से पास के गांव खरक पांडवा की और से पानी आकर यहां जमा हो जाता है। इससे पूर्व इस क्षेत्र का बरसाती पानी कपिल मुनि ड्रेन के माध्यम से नहर में डाला जाता था। अब निर्माण हो जाने के कारण बरसाती पानी को कपिल मुनि ड्रेन तक किसी भी सूरत में नहीं लेकर जाया जा सकता। ऐसे में विभाग ने पूरे क्षेत्र में भूमिगत पाइपें डाल कर पानी की निकासी ड्रेन में और उससे सिरसा ब्रांच में डालने की योजना को मूर्तरूप दिया है। इस परियोजना के पूरा हो जाने पर हजारों एकड़ के किसानों को बरसाती पानी से छुटकारा मिलेगा और खेती हो सकेगी।


कलायत। परियोजना को अंतिम रूप देती सिंचाई विभाग की टीम।